भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2120

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ऋणदेयता

2120. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

श्री सुधीर गुप्ता:

श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ऋणदेयता का ब्यौरा क्या है;

(ख) परिसंपत्ति मुद्रीकरण, टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर (टीओटी) मॉडल, अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनवीआईटी) और बजटीय सहायता सहित ऋण कटौती के लिए प्रस्तावित कार्यनीति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एनएचएआई ने अपने ऋण में लक्षित कमी लाने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) ऋण के प्रस्तावित युक्तिकरण का अनवरत या नियोजित राजमार्ग परियोजनाओं पर किस प्रकार प्रभाव पड़ेगा; और

(ङ) राष्ट्रीय राजमार्ग विकास की गति को बनाए रखते हुए एनएचएआई की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) 31 जनवरी 2026 तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ऋण देयता 2,16,624 करोड़ रु. है।

(ख) अक्टूबर 2022 से, एनएचएआई ने ऋण के रूप में कोई धनराशि नहीं ली है और परिसंपत्ति मुद्रीकरण और बेहतर टोल आय के मिश्रण के माध्यम से अपने ऋण को चुकाने की योजना तैयार की है। इनविट रसीदें केवल ऋण सेवा के लिए निर्धारित की जाती हैं। परिसंपत्ति मुद्रीकरण प्रवाह एनएचएआई के धन के स्रोतों को बढ़ावा देता है। टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर (टीओटी) और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट)) मोड के तहत जुटाए गई राशि का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग) एनएचएआई प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत तक अपने ऋण को और कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

(घ) एनएचएआई ने अक्टूबर 2022 के बाद से नया ऋण नहीं लिया है और बड़े बजटीय आवंटन के माध्यम से समर्थित है। इनविट और टीओटी के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करने वाली राजमार्ग परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण इसकी पूंजी के स्रोत को बढ़ाता है। इस प्रकार, ऋण को तर्कसंगत बनाने से चल रही या नियोजित राजमार्ग परियोजनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(ङ) एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास की गति को बनाए रखते हुए अपनी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। इनमें टीओटी और इनविट मॉडल के माध्यम से परिचालनरत राजमार्ग परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण शामिल है। अक्टूबर 2022 से कोई नया ऋण नहीं लिया गया है।

एनएचएआई वित्तीय जोखिमों को साझा करने के लिए निर्माण-संचालन-स्थानांतरण (बीओटी) और हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) जैसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को भी बढ़ावा दे रहा है।

इसके अलावा, फास्टैग, परियोजना प्राथमिकताकरण और मजबूत वित्तीय अनुशासन के माध्यम से बेहतर टोल संग्रहण ने राजमार्ग विकास को बनाए रखने में मदद की है।

"भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ऋणदेयता" के संबंध में श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री सुधीर गुप्ता और श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव द्वारा पूछे गए दिनांक 12.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2120 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क. टीओटी के तहत भारत की संचित निधि (सीएफआई) में जमा की गई प्राप्तियाँ:

टीओटी-बंडल	**वित्त वर्ष**	**लंबाई (किमी में)**	**राज्य**	**भारत की संचित निधि (सीएफआई) को अंतरित रियायत मूल्य (करोड़ रु. में)**	**वर्ष-वार (करोड़ रु. में)**
टीओटी-1	2018-19	681	**आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और गुजरात**	9682	9682
टीओटी-3	2020-21	566	**उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और तमिलनाडु**	5011	5011
टीओटी-5(ए-1)	2021-22	54	**गुजरात**	1011	1011
टीओटी-5(ए-2)	2022-23	106	**गुजरात**	1251	10662
टीओटी-7		135	**ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली**	6267	
टीओटी-9		73	**उत्तर प्रदेश**	3144	
टीओटी-11	2023-24	84	**उत्तर प्रदेश**	2156	15968
टीओटी-12		316	**मध्य प्रदेश**	4428	
टीओटी-13		108	**एमपी और राजस्थान**	1683	
टीओटी-14		189	**यूपी, दिल्ली और उड़ीसा**	7701	
टीओटी-16	2024-25	252	**हैदराबाद नागपुर खंड**	6661	6661
टीओटी-17	2025-26	366	**लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर-सुल्तानपुर खंड**	9270	9270
कुल --->		2930		58265	58265

टिप्पण: टीओटी-2,6,8,10 विफल हो गए। बोली की अवधी समाप्त होने पर टीओटी-15 को बंद कर दिया गया।

ख. इनविट के तहत प्राप्तियां:

इनविट चक्र (राउंड)	**वित्त वर्ष**	**लंबाई किमी में**	**राज्य**	**रियायत मूल्य (करोड़ रु. में)**
राउंड 1	**2021-22**	**389**	कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना	7,350
राउंड 2	**2022-23**	**246**	एमपी, यूपी और महाराष्ट्र	2,850
राउंड 3	**2023-24**	**889**	डब्ल्यूबी, यूपी, एमपी, असम, एमपी और कर्नाटक	15,700
राउंड 4*	**2024-25**	**754**	11 सड़क परिसंपत्तियां (2024-25 के लिए नीचे सूचीबद्ध)	17,738*
कुल		**2278**		**43,638**

*टिप्पण: * वित्त वर्ष 2025-26 में सीएफआई में जमा की गई प्राप्तियां*

*****